<u>संदेश</u>

क्रिसमस के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों, विशेष रूप से अपने ईसाई भाइयों एवं बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

प्रभु ईसा मसीह के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला यह त्योहार लोगों के जीवन में शांति, सद्भावना और करुणा का संचार करता है और साथ ही, समाज में एक दूसरे के साथ एकता, भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा देता है। प्रेम और करुणा का उनका संदेश आज भी संपूर्ण मानवता को प्रेरित करता है।

आइए, इस अवसर पर हम सब ईसा मसीह के आदर्शों और शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाकर

न्यायप्रियता और समरसता के जीवन-मूल्यों पर आधारित समाज के निर्माण का संकल्प लें।

****